## सार-समाचार

### परशुराम जन्मोत्सव पर स्टोन, बैग दौड़ हुई

**ब्यावर** (निसं) चिरंजीवी भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पखवाड़े के तहत आयोजित कार्यक्रमों में आज बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विचित्र वेशभूषा 1 से 3 वर्ष में सौम्या शर्मा प्रथम एवं तेजस शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे, 4 से 6 वर्ष आयुवर्ग में प्रव्या शर्मा प्रथम एवं तराशा कौशिक द्वितीय , 7 से 8 वर्ष में रुद्र उपाध्याय द्वितीय स्थान पर कुशा जोशी रहे। स्टोन रेस में विभिन्न वर्गों में साक्षी शर्मा प्रथम, बैग रेस में धारा शर्मा प्रथम, दिवेश शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे, स्पून रेस में प्रथम तनिषी शर्मा प्रथम, समृद्धि दुबे द्वितीय स्थान पर रहे, तीन टांग की दौड में देवांश शर्मा एवं धैर्य शर्मा प्रथम, प्रेरणा शर्मा एवं मैत्री शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे, बोरा रेस में वत्सल जोशी प्रथम अक्षत शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे, रुमाल झपट्टा में प्रथम स्थान पर सिद्धि शर्मा, लक्षिका द्वितीय स्थान पर रहे। महिला प्रभारी अंजली भार्गव ने बताया कि सभी प्रतियोगिताओं में डिम्पल यादव, वंदना शर्मा, श्रुति माहेश्वरी ने निर्णायक का कार्य किया। मंच संचालन अनुपम पाण्डे एवं सहयोगी ने किया। आयोजन समिति के संयोजक मनोज शर्मा ने उपस्थित सभी बच्चों व उनके अभिभावकों को श्री परशुराम जन्मोत्सव के 26 अप्रैल से 29 अप्रैल तक के सभी कार्यक्रमों में बढ़ चढकर भाग लेने के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर महिला समिति सदस्य लक्ष्मी भारद्वाज, प्रीति शर्मा, ललिता शर्मा, ममता गील, रानू जोशी, संतोष खांडल,सावित्री शर्मा,सुनीता शर्मा, मीना बलेसरा, मोनिका कौशिक, ममता तिवारी, प्रभा शर्मा, रजनी चतुर्वेदी, रागिनी शर्मा, राधिका जोशी,ज्योति शर्मा, रेखा शर्मा, रंजना उपाध्याय, सुलक्षणा शर्मा, कविता शर्मा, अदिति शर्मा, पूजा नाडिया, लता शर्मा, वंदना शर्मा, रेणु भार्गव, निधि धर्म एवं समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**अजमेर**, 27 अप्रेल (कासं)।आर्य समाज अजमेर के रविवारीय साप्ताहिक सत्संग के अंतर्गत जागेश्वर प्रसाद निर्मल के पुरोहित्य तथा नवीन मिश्र, डॉ आराधना आर्य, चिरंजीलाल शर्मा, सपत्नीक, आशीष कटारिया, रवेंद्र शर्मा, सीताराम अदिविका भट्ट, लालचंद आर्य के द्वारा दी गयी आहुतियों के साथ विशेष यज्ञानुष्ठान संपन्न हुआ, इसके पश्चात लालचंद आर्य ने ईश प्रार्थना की तत्पश्चात रचना आर्य ने देशभक्ति पूर्ण भजन प्रस्तुत किया इसके पश्चात पहलगाम में हुए 22 अप्रैल के क्रूर आतंकवादी हमले में हुई अंधाधुंध गोलाबारी से दिवंगत भारत के अनेक प्रांतो के पर्यटकों की चिरशांति व सद्गति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की गईं। मंत्री चिरंजीलाल शर्मा ने बताया कि इस श्रदांजलि सभा में गीता तिवारी ने मधुर श्रद्धांजलि गीत के माध्यम से दिवंगतों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये इसके पश्चात शोकमग्न वातावरण में वरिष्ठ उपप्रधान चंदराम आर्य ने दिवंगतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी को एक होकर ऐसी विपत्तियों का सामना करने का आ ान किया। चिरंजीलाल शर्मा ने मानवता पर आये संकटों के विरुद्ध वैदिक मान्यताओं के आधार पर हिंदू (आर्य) धर्म की एकता पर बल दिया।

### 1100 कार्यकर्ता जयपुर पहुंचेगें

**अजमेर**, 27 अप्रेल (कासं)। जयपुर के रामलीला मैदान में सोमवार को आयोजित होने वाले कांग्रेस के सम्मेलन एवं संविधान बचाओ रैली में अजमेर सरस डेयरी के अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी के नेतृत्व में 160 गाड़ियों में 1100 कार्यकर्ताओं का काफिला अजमेर सहित जिले की सभी विधान सभा क्षेत्रों से प्रातः 6 बजे जयपुर के लिए रवाना होगा, सभी कार्यकर्ता बगरू टोल नाके पर एकत्र होंगे, यहां से जयपुर के रामलीला मैदान सांगानेरी गेट के लिए एक साथ प्रस्थान करेंगे। काफिले में अजमेर जिले की सभी विधानसभाओं से कार्यकर्ता शामिल होंगेत सम्मेलन में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे मुख्य अतिथि होंगे, इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली भी सम्मेलन को संबोधित करेंगे, उल्लेखनीय है कि रामचंद्र चौधरी अजमेर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे हैं तथा विगत 35 वर्षों से डेयरी चेयरमैन के रूप में कार्य करने से ग्रामीण क्षेत्र में चौधरी की मजबूत पकड़ है, इससे पूर्व भी कांग्रेस की अनेक रैलियां और सभाओं में रामचंद्र चौधरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### मरीजों के लिए ग्रीन शेड लगाए

**अजमेर**, (कासं)। अप्रैल माह में पड़ रही भीषण गर्मी के मद्देनजर संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजन को धूप से बचाव के लिए भामाशाहों के सहयोग से अस्पताल परिसर में ग्रीन टेंट लगाए गए हैं। जेएलएन अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे ने बताया कि बढ़ी गर्मी को देखते हुए अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे है। रविवार को भामाशाहों के सहयोग से अस्पताल में कई स्थानों पर ग्रीन शेड लगाए गए हैं। साथ ही ठंडे पानी की व्यवस्था सहित हीट वेव के मद्देनजर मरीजों के लिए अस्पताल में 20 बेड आरक्षित किए गए है। हीट वेव से पीडित मरीजों का जल्दी और प्रभावी ढंग से इलाज दिया जा सकेगा।

### रंगरेज समाज के चुनाव सम्पन्न

**राजसमंद**। रंगरेज समाज कांकरोली, बाण्डियानाला व बागपुरा के रंगरेज समाज के आम चुनाव शनिवार को ईशा के अंजुमन स्कूल माटा मोहल्ला कांकरोली में संपन्न हुए। जिसमें संपूर्ण आम रंगरेज समाज की आम सहमति से सदर शौकत हुसैन रंगरेज (पूर्व पार्षद), सचिव खलील हुसैन, अलाउद्दीन, कोषाध्यक्ष अब्दुल करीम, उप सदर शब्बीर हुसैन बागपुरा, उप सचिव खलील हुसैन, अहमदनूर एवं उप खजांची के पद पर आरिफ हुसैन रंगरेज को निर्वाचित किया गया।

# पहलगाम मृतकों की याद में ब्यावर में कैंडल जलाई

**ब्यावर** (निसं) भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय और स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य के निर्देशानुसार पूरे देश में एक साथ स्काउट गाइड ने पहलगाम में शहीद हुए पर्यटकों को श्रंद्धाजलि दी।

स्थानीय संघ जवाजा के सचिव सुरेश चन्द फुलवारी ने बताया कि इसी क्रम में सहायक स्टेट कमिश्नर विमल चौहान व प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर जवाजा ताराचंद जांगिड के

- **पूरे देश में एक साथ स्काउट गाइड ने पहलगाम में शहीद हुए पर्यटकों को श्रंद्धाजलि दी**

नेतृत्व में ब्यावर जिले के समस्त स्काउटर गाइडर ने आतंकवादियों के द्वारा पहलगाम जम्मू कश्मीर में 22 अप्रैल 2025 को पर्यटकों के साथ हुए बर्बर कृत्य / आतंकवादी हमले के विरोध में चांग गेट ब्यावर पर कैंडल जला कर पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर भारत माता और वन्देमातरम के नारों के साथ पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की। इस अवसर पर स्थानीय संघ जवाजा के प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर ताराचंद जांगिड, प्रधानाचार्य महेश ओलानिया, प्रधानाचार्य अशोक भाटी, जवाजा सचिव सुरेश चन्द फुलवारी,मसूदा सचिव मोहन सिंह चौहान,ब्यावर सचिव बाबूदीन काठात, स्काउटर नरेन्द्र सिंह रावत, बलराज सिंह राठौड, मुरली मनोहर जाटव, रामकिशोर सालोदिया, रतन सिंह चौहान, बनवारी लाल बैरवा, सुमित फौजदार, विष्णु गोयल, सोहन लाल सिंगारिया, शरत चंद्र गौड, युवराज सिंह, जगदीश मेघवंशी, गाइडर विद्या, राजकुमारी कुमावत और सीमा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



भारत स्काउट्स ने पहलगाम मृतकों की याद में कैंडल जलाई।

# मंत्री जोगाराम पटेल ने ब्रह्मा मंदिर में किए दर्शन



ब्रह्मा मंदिर में सपत्नीक पूजा अर्चना करते हुए मंत्री पटेल तथा स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

**अजमेर**। वैशाख अमावस्या के अवसर अपने एक दिवसीय दौरे पर राजस्थान सरकार के मंत्री जोगाराम पटेल रविवार को पुष्कर पहुंचे, यहां उन्होंने जगत पिता ब्रह्मा मंदिर में दर्शन किए। मंत्री पटेल के पुष्कर पहुंचने पर भाजपाइयों पर जोरदार स्वागत किया। मीडिया से रू-ब-रू होते हुए मंत्री पटेल ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को मानवता पर कलंक बताया, उन्होंने कहा कि आतंकियों का हमला कायतरा पूर्ण हमला है। राजस्थान सरकार के मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार को जगत पिता ब्रह्मा मंदिर में दर्शन किए, उन्होंने कहा कि धर्मपत्नी संग पावन पुष्कर धाम में भगवान ब्रह्माजी के श्रीचरणों में नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया है, समस्त जनमानस के कल्याण, सुख शांति और समृद्धि हेतु प्रार्थना की। पुष्कर पहुंचने पर पूर्व सभापति कमल पाठक और वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण वैष्णव के नेतृत्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार

- **मंत्री ने समस्त जनमानस के कल्याण, सुख शांति और समृद्धि हेतु प्रार्थना की।**
- **कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले की निंदा**

स्वागत किया। वैशाख अमावस्या के अवसर पर ब्रह्मा जी के दर्शन कर मंत्री पटेल ने स्वयं को सौभाग्यशाली बताया और देश प्रदेश के कल्याण की कामना की। मंदिर में पूजा अर्चना के बाद कुछ देर बाद जोधपुर के लिए रवाना हो गए। मंत्री जोगाराम पटेल ने मीडिया से रूबरू होते हुए सवालों के जवाब दिए आतंकी हमले पर पूछे गए सवाल का जवाब दते हुए उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की, उन्होंने कहा यह केवल पर्यटकों पर नहीं, मानवता पर किया गया कायरता पूर्ण हमला है जो कलंक है और देश के गौरव के लिए चुनौती भी है। पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने हमले को गंभीरता से लिया है और पाकिस्तान पर कई प्रतिबंध लगाए है। उन्होंने कहा कि आज के समय में युद्ध केवल हथियारों से नहीं, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर भी लड़ा जाता है और भारत ने पाकिस्तान की घेराबंदी कर दी है। इसके परिणामस्वरूप वहां जल्द ही पेट्रोल और पानी की भारी किल्लत होगी। मंत्री पटेल ने आम नागरिकों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को देने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व सभापति कमल पाठक, पूर्व मंडल अध्यक्ष नारायण भाटी, भाजपा मंडल अध्यक्ष भुवनेश पाठक, बार एसोसिएशन अध्यक्ष कुलदीप पाराशर, मंडल महामंत्री अखिलेश पाराशर सहित कई प्रमुख भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पांच सौ परिंडे का निःशुल्क वितरण

**अजमेर**, 27 अप्रेल (कासं)। लायंस क्लब अजमेर प्रीमियम द्वारा परिंडे वितरण कर आमजन को पक्षियों के लिए पानी पीने के लिए घर की मुंडेर, छत, कार्यस्थल पर परिंडे रखने के लिए जागरूक किया।

डिस्ट्रिक्ट मीडिया कॉर्डिनेटर एमजेएफ लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि प्रांतीय ध्येय वाक्य के संस्कार से सेवा के तहत क्लब द्वारा राजा साइकिल चौराहे पर 500 परिंडे का निःशुल्क वितरण आमजन को किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित प्रांतपाल लायन रामकिशोर गर्ग ने कहा कि बढ़ती गर्मी में पक्षियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था हेतु परिंडे निशुल्क उपलब्ध कराना सराहनीय कार्य है।

क्लब के चार्टर अध्यक्ष लायन अजय गोयल ने कहा कि इस भीषण गर्मी में जहां पानी जगह-जगह सूख गया है मूक पक्षीयो के लिए पानी की व्यवस्था में जन-साधारण का सहयोग जरूरी है। क्लब के मेंटर लायन विनोद गुप्ता ने कहा कि लायन साथी समय समय पर कंधे-से-कंधा मिलाकर सेवा कार्य करते आ रहे हैं। इस कार्य में अन्य लोगों का भी सहयोग जब तब मिलता रहता हे।

क्लब अध्यक्ष लायन कमल शर्मा ने सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान पार्षद रणजीत सिंह नरूका, लायन अशोक शर्मा, लायन आशीष गोयल, लायन आर पी गुप्ता, लायन रश्मि गुप्ता, लायन सूरज गुप्ता, लायन अनिल शर्मा, लायन महेश गुप्ता, लायन वंदना गोयल, लायन जे एल अग्रवाल, लायन कमला अग्रवाल, लायन अनिल उपाध्याय, लायन नरेंद्र गुप्ता के साथ अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### दादाबाही जीर्णोद्धार 4 मई से



**अजमेर**, (कासं)। अखिल भारतीय श्री जैन श्वेताम्बर खारगच्छाचार्य श्री जिनदत्तसूरि दादाबाड़ी के जीर्णोद्धार का कार्य 04 मई से शुरू होगा। श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ सचिव अनिल गोलेच्छा ने बताया कि खरतरगच्छ आचार्य श्री पीयूष सागर सूरिश्वर औश्र संगठन प्रेरिका साध्वी मनोहर श्रीजी महारासा ने रविवार को दादाबाड़ी के जीर्णोद्धार का मुहूर्त संकल्प पल खरतरगच्छ संघ अजमेर को प्रदान किया, जिसके अनुसार दादाबाडी जीर्णेद्धार का कार्य 04 मई को सम्पूर्ण खरतरगच्छ समाज के सांनिध्य में आयोजित होगा। स्मरण हो कि दादाबाड़ी के आधिपत्य और जीर्णोद्धार के लिये संगठन प्रेरिका साध्वी मनोहर श्रीजी पिछले 20 वर्षों से प्रयासरत थी। इस अवसर पर साधु-साध्वियों सहित विक्रम पारख, प्रो, महेद्र यूणिया, सुशील वेद, नरेन्द्र लालन, जसवन्त मेहता, अरूपा सिपाणी, ज्ञानचन्द मालू, दिलीप मेहता सहित भक्तजन उपस्थित हो।

### संविधान बचाओ रैली में शामिल होंगे अजमेर के पदाधिकारी

**अजमेर** (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार को प्रातः 10 बजे जयपुर स्थित रामलीला मैदान में राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है जिसको अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे सहित कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय व प्रदेश स्तरीय वरिष्ठ नेतागण संबोधित करेंगे। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार रैली में सभी कांग्रेसजनों को अधिक से अधिक संख्या में आवश्यक रूप से शामिल होना है। कांग्रेस कमेटी अजमेर उत्तर ब्लॉक बी के ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व पार्षद शैलेंद्र अग्रवाल व उत्तर ब्लॉक ए के ब्लॉक अध्यक्ष वाहिद मोहम्मद ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव व राजस्थान की सह प्रभारी पूनम पासवान, प्रदेश कांग्रेस महामन्त्री व अजमेर जिले के प्रभारी चेतन डूडी, अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के समन्वयक प्रदेश कांग्रेस महामन्त्री सुनील पारवानी तथा आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने रैली में अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से अधिक से अधिक कांग्रेसजनों, ब्लॉक पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्ष व मंडल पदाधिकारियों सहित अन्य सक्रिय कांग्रेस साथियों के साथ पहुंचकर रैली को सफल बनाने के निर्देश प्रदान किए हैं। ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल व वाहिद मोहम्मद ने बताया कि अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के दोनों ब्लॉक से सभी ब्लॉक व मंडल पदाधिकारी अपने अपने क्षेत्र में एकत्रित होकर सोमवार को प्रातः 7 बजे पार्षद नौरत गुजर के सिविल लाइन अजमेर स्थित ऑफिस पहुंचेंगे, जहां से सभी एक साथ जयपुर के लिए रवाना होकर रामलीला मैदान न्यू गेट रामनिवास बाग के सामने आयोजित रैली में शामिल होंगे।

### कर्णावट व खासगीवाला सम्मानित

**अजमेर**,(कासं)। राजस्थान के प्रसिद्ध मंगलम मेडिसिटी हॉस्पिटल जयपुर के तीन वर्ष पूर्ण होने पर जैन सोशल ग्रुप मार्वेल्स अजमेर को चिकित्सा सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए तथा जैन एवं अन्य समाज के व्यक्तियों के लिए अजमेर में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने में योगदान की सराहना करते हुए सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में जैन सोशल ग्रुप मार्वेल्स के संरक्षक मुकेश कर्णावट, अध्यक्ष डॉ.राजकुमार खासगीवाला एवं सचिव राजेश खटोड़ को यह सम्मान उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा एवं अस्पताल के निदेशक एनके गुप्ता, राजीव अरोड़ा एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### माहेश्वरी ने सादगी से मनाया जन्मदिवस

**राजसमंद**। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में घटित आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों के बलिदान से आहत होकर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने अपना जन्मदिवस सादगी और सेवा भाव के साथ मनाया। इस अवसर पर उन्होंने धार्मिक स्थलों पर जाकर राष्ट्र के लिए शांति और सुरक्षा की प्रार्थना की तथा समाजसेवा के कार्यों में सहभागिता निभाई। विधायक ने अपने दिन की शुरुआत इंदिरा कॉलोनी स्थित आंगनबाडी केंद्र में बच्चों के साथ की। यहां उन्होंने अत्यंत सादगी और सुरुचि के साथ बच्चों के साथ समय व्यतीत किया। बच्चों की मासूम मुस्कान के बीच उन्होंने शिक्षा और पोषण के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया। विधायक माहेश्वरी ने पहलगाम आतंकी घटना के बलिदानियों को नमन करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि से की। उन्होंने कहा कि इन निर्दोष नागरिकों का बलिदान हमें आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट होकर संघर्ष करने की प्रेरणा देता हैं। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं स्नेहीजनों के साथ कांकरोली स्थित द्वारकेश गौशाला पहुंचकर गौ सेवा की। इस अवसर पर सभी ने मिलकर गायों को चारा व गुड खिलाया और गौ माता के संरक्षण का संकल्प लिया। गौ सेवा में नन्हे-मुन्ने बच्चों की भी उत्साहपूर्वक उपस्थिति रही, जिससे वातावरण श्रद्धा और उल्लास से भर गया।

# अवैध अतिक्रमण को हटवाने की मांग

**अजमेर**, (कासं)। भारतीय पब्लिक लेबर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल साहू ने अजमेर जिला कलेक्टर को शिकायती पत्र प्रेषित कर होटल मेरवाड़ा स्टेट भागचंद की कोठी पर हुए अवैध निर्माण के अतिक्रमण को तत्काल हटवाने की मांग की है। साहू ने जिला कलेक्टर लोक बंधु को दिए शिकायती पत्र में अवगत कराते हुए बताया कि होटल मेरवाड़ा स्टेट भागचंद की कोठी की बिल्डिंग भवन जो राजस्थान बिल्डिंग बायलॉज भवन निर्माण के नियमों के विपरीत बनाई गई है। वहीं दूसरी ओर भारतीय पुरातत्व संरक्षण विभाग ने शिकायत मिलने पर होटल मेरवाड़ा स्टेट को अतिक्रमण हटवाने हेतु नोटिस भेजा है। साहू ने शिकायत में बताया कि उपरोक्त भागचंद की कोठी जोकि वर्तमान में होटल मेरवाड़ा स्टेट के नाम से भी जानी जाती है, वह 1954 में तोलाराम नथमल एंड सेंस कंपनी लिमिटेड के नाम दर्ज की गई थी, जिनकी रजिस्ट्री कोलकाता में टीकम निवास भवन के नाम दर्ज की गई थी। परंतु वह भवन जिनकी रजिस्ट्री की गई थी वह टीकम निवास उपरोक्त स्थान पर नहीं होकर अजमेर शहर के दूसरे स्थान पर है, वह संपत्ति नगर परिषद अजमेर के पूर्व में एएमसी नंबर हाउस टैक्स के खाता नंबर में दर्ज है, जिसके उनके पास पुख्ता प्रमाण है।

दूसरी ओर पूर्व में रायबहादुर सेठ भागचंद पुत्र टीकमचंद के नाम सवा 6 रुपए बीघा जमीन उक्त पहाड़ी खसरा नंबर 1840 ए 1841 ए पर स्थित है, परंतु वर्तमान में उक्त संपूर्ण भूमि परिसर इनके पास साढ़े 9 रुपए बीघा है जो की दूसरे खसरे की सरकारी भूमि व

- **भापले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष साहू ने अजमेर कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर होटल मेरवाड़ा स्टेट भागचंद की कोठी पर हुए अतिक्रमण को तत्काल हटवाने की मांग की है।**

अन्य के नामांतरण एवं नाम में दर्ज है, इसके साथ नगर निगम अजमेर के नियमों के विपरीत जाते हुए उन पर बड़े-बड़े भवन बना दिए गए हैं, जहां पर होटल मेरवाड़ा स्टेट व अन्य शादी समारोह संचालित किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इसके नवनिर्माण, मरम्मत निर्माण हेतु राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण भारत सरकार नई दिल्ली से स्वीकृति भी नहीं ली गई है, एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग नई दिल्ली के नियमों एवं भवन निर्माण गाइडलाइन के विपरीत उपरोक्त बिल्डिंग भवनो का निर्माण किया गया।

जिला कलेक्टर अजमेर से जिला प्रशासन स्तर पर तुरंत कार्रवाई कराते हुए भागचंद की कोठी होटल मेरवाड़ा स्टेट के नाम पर हुए अवैध निर्माण को तत्काल हटवाने तथा उक्त पहाड़ी भूमि पर हुए अवैध निर्माण सहित संपूर्ण परिसर का सीमा ज्ञान करवाने हेतु नियमानुसार नगर निगम और अजमेर विकास प्राधिकरण एवं अजमेर तहसीलदार को निर्देशित करवाने की मांग की है।

## श्रीमद् भागवत कथा आज से

**राजसमंद**। शहर में बस स्टेण्ड के समीप जडिया कॉम्पलेक्स सभागार में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव सोमवार को कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। जिसमें वृन्दावन धाम के भागवताचार्य कृष्ण किशोर शास्त्री सात दिनों तक धर्मप्रेमियों को श्रीहरि की दिव्य कथा श्रवण कराएंगे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सोमवार को सुबह 9 बजे विट्ठल नामदेव मंदिर से बैण्ड-बाजों के साथ धूमधाम से कलशयात्रा निकाली जाएगी, जो कमल तलाई होकर कथा स्थल राज मंदिर पैलेस जडिया कॉम्पलेक्स पहुंचेगी। वहां कलश पूजन आदि रस्में होगी एवं इसके बाद दोपहर में विधिवत कथा शुरू होगी। आयोजनकर्ता राम अवतार मित्तल ने बताया कि कथावाचन का समय प्रतिदिन दोपहर 1:3० बजे से शाम 5:3० बजे तक रहेगा। कथा अन्तर्गत भजन-कीर्तन, सत्संग आदि का क्रम भी चलेगा एवं विभिन्न उत्सव मनाए जाएंगे। वहीं कई प्रमुख कथा प्रसंगों पर झांकियां भी सजाई जाएगी। कथा महोत्सव में तीन दिन होने वाले रात्रिकालीन विशेष उत्सव के तहत मंगलवार को कथा स्थल पर रात 9 बजे संगीतमय सुन्दरकाण्ड होगा, जिसमें वृन्दावन गु प पाठ करेंगे। वहीं 1 मई को कृष्ण एवं खाटूश्याम भजन संध्या होगी, जिसमें ऋतु श्रीमाली व सहयोगी कलाकार भक्ति संगीत की प्रस्तुतियां देंगे एवं बाबा श्याम की झांकी सजाई जाएगी। कथा स्थल पर मंच व व्यासपीठ निर्माण, श्रद्धालुओं के लिए बैठक व्यवस्था, पेयजल सहित तमाम इंतजाम कर लिए गए हैं। साथ ही कलश यात्रा से जुडी व्यवस्थाएं भी कर ली गई हैं। आसपास सहित विभिन्न क्षेत्रों में न्यौता देने के लिए विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया।

# दीपेन्द्र सिंह के आई.ए.एस. बनने का गौरव हासिल

**मेडता सिटी**। विधानसभा मेडता के गोटन गांव रिया श्यामदास निवासी दीपेन्द्र सिंह रीडमलोत यूपीएससी में चयन होने के बाद पहली बार मेडता पहुंचने पर जगह जगह उनका स्वागत किया गया

आज मेडता के रेलवे क्रॉसिंग के पास रावणा राजपूत समाज भवन में दीपेंद्र सिंह रिडमलोत ने 644वी रैंक प्राप्त कर रावणा राजपूत समाज का पहला आईएएस बनने का गौरव हासिल किया। दीपेंद्र सिंह के पिता कैप्टन हिर सिंह रिडमलोत फौज से रिटायर्ड है। परिवार खेती करता है। दीपेंद्र सिंह ने केंद्रीय विद्यालय से पढाई कर जोधपुर से आईआईटी से इलेक्ट्रिकल से बीटेक करके 10 महीने बेंगलुरु में नौकरी करके पिता का अफसर बनने का सपना साकार किया।आईएएस बनने के सपने को साकार करने के लिए यूपीएससी की तैयारी शुरू की। पहले तीन प्रयासों से असफलता हासिल करने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और चौथी बार सफलता पाई। उनकी यात्रा समर्पण और आत्मविश्वास की मिसाल बनी। प्रदेश उपाध्यक्ष जबर सिंह शिशोदिया ने मंच को संचालन किया डॉक्टर शोभा निर्माण ने कहा समाज के प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होने चाहिए बच्चों बच्चियों के साथ महिलाओं की भागीदारी भी कार्यक्रमों में होनी चाहिए। तहसील अध्यक्ष गुडड सिंह चौहान पूर्व तहसील अध्यक्ष विजेंद्र सिंह कच्छावाह बजरंग सिंह चौहान कुडाया गुमानसिंह गहलोत भवरसिंह बिरलोका शिवरतन सिंह सोडास ने समाज को संबोधित किया।

इसअवसर पर रावणा राजपुत समाज के जिलाध्यक्ष गणपत सिंह पीडियार ने कहा इस प्रकार सम्माज के शिक्षा में जागृति आए और समाज बच्चे आगे आए इस हेतु हम सभी समाज ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए जिससे समाज के अन्य बच्चों को प्रेरणा मिले और वह इस तरह सफलता प्राप्त करें पीडियार ने कहा कि जल्द ही प्रदेश स्तर पर रावणा राजपूत समाज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। बच्चों के लिए छात्रावास की सुविधा होनी चाहिए ताकि समाज के जरूरतमंद बच्चों इन छात्रावास में अध्ययन करके अपने सपने पूरे कर सके। समाज के प्रदेश मंत्री रूपसिंह उदावत तहसील महामंत्री दिलीप सिंह सोडास तहसील उपाध्यक्ष शिंभू सिंह गोड गंटिया पूर्व महामंत्री कल्याण सिंह पीडियार रिया बड़ी पूर्व कोषाध्यक्ष किशोर सिंह भाटी पूर्व मंडल अध्यक्ष सुमेर सिंह सांखला बंसी सिंह उदावत गोपाल सिंह चौहान तिलानेस मानसिंह सिसोदिया गोटन युवा अध्यक्ष राजेंद्रसिंह गहलोत बहादुरसिंह चौहान जगदीशसिंह सोडा पुखराज सिंह सोडा ओलादन पूनम सिंह पंवार जलवाना अमरसिंह मेडास सोनसिंह चौहान ढाढ़ासनी नरपतसिंह पीडियार कुंपडांस फूलसिंह शेखावत शेषकरण सिंह चौहान इंदरसिंह चौहान लाम्बा जाटान उत्तमसिंह गहलोत भंवरसिंह बिरलोका सहित समाज के नागरिक मौजूद थे।



दीपेन्द्र सिंह रीडमलोत के आई.ए.एस. बनने पर समारोह आयोजित कर सम्मान किया।

## आवेदन की 4 मई अंतिम तिथि

**अजमेर**, 27 अप्रेल (कासं)।: राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा प्राध्यापक विद्यालय प्रतियोगी परीक्षा 2024 के राजनीति विज्ञान, साहित्य विषयों की जारी की गई प्रोविजनल लिस्ट में शामिल अभ्यर्थी सोमवार से विस्तृत आवेदन पत्र ऑनलाइन भर सकेंगे। आयोग द्वारा अलग अलग विषय के लिए ऑनलाइन विस्तृत आवेदन भरने का लिंक अलग-अलग खोला जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 4 मई है।

आयोग के सचिव ने बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा प्राध्यापक विद्यालय प्रतियोगी परीक्षा 2024 के राजनीति विज्ञान, साहित्य विषयों की जारी की गई प्रोविजनल लिस्ट में शामिल अभ्यर्थी सोमवार से विस्तृत आवेदन पत्र ऑनलाइन भर सकेंगे। शुरुआत व्याकरण व अंग्रेजी विषय से की गई। इनके आवेदन 29 अप्रैल तक भरे जा सकेंगे। 28 अप्रैल से 4 मई तक राजनीति विज्ञान व साहित्य विषय के अभ्यर्थियों के लिए लिंक खोला जाएगा। अंतिम चरण में 29 अप्रैल से 5 मई तक यजुर्वेद व इतिहास विषय के अभ्यर्थियों के लिए लिंक खोला जाएगा।

इन पदों के लिए काउंसलिंग का आयोजन संस्कृत शिक्षा विभाग करेगा। परीक्षा के बाद आयोग द्वारा व्याकरण तथा अंग्रेजी की 16 अप्रैल, राजनीति विज्ञान व साहित्य की 21 अप्रैल तथा यजुर्वेद व इतिहास की 22 अप्रैल 2025 को विचारित सूचियां जारी की गई थीं। आवेदन पत्र व दस्तावेज की जांच संबंधित विभाग संस्कृत शिक्षा विभाग द्वारा ही की जाएगी। अभ्यर्थी सम्पूर्ण विस्तृत आवेदन पत्र को 2 प्रतियों में प्रिंट कर अपने पास संभाल कर रखें।